# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इज्रराइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू से दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने के तरीको पर चर्चा की।
2. लक्ज़मबर्ग में विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पाकिस्तान की सेना आंतकवाद को संरक्षण देती है।
3. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भारतीय जनता पार्टी को मिली बड़ी सफलता। सत्तर से अधिक महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा।
4. स्पाइस प्रवाह के अंतर्गत दक्षिण अंडमान और लिटिल अंडमान में मसाला खेती का विस्तार करते हुए वर्ष 2026–2027 के लिए लक्ष्य तैयार किए गए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने भारत–इस्राइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के आधार पर भारत–इस्राइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की। उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाश्त न करने के अपने दृष्टिकोण को दोहराया और इस खतरे से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने एक–दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और दोनों देशों के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना की।

<><><><><><><>

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रहमण्यम जयशंकर ने वेनेजुएला में हाल की घटनाओं पर भारत की चिंता व्यक्त की और सभी पक्षों से वहां के लोगों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया है। डॉ. जयशंकर ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने के लिए दशकों से शिविर चलाने की भी आलोचना की। विदेश मंत्री ने कहा कि कई दशकों से वहां आतंकवादी शिविर चलते आ रहे हैं और यह कोई छिपी हुई बात नहीं है, बल्कि पाकिस्तान के प्रमुख शहरों से खुले आम ऐसे संकेत मिलते हैं

जो यह दर्शाते हैं कि पाकिस्तान और उनकी सेना न केवल आतंकवाद को संरक्षण देते हैं, बल्कि उसे सामान्य और वैध ठहराने का प्रयास भी करते हैं, जैसे कि उन्हें ऐसा करने का अधिकार प्राप्त हो। डॉ. जयशंकर ने कहा कि कुछ देश केवल अपने फायदे के लिए ही काम करते हैं और भारत को मुफ्त सलाह देते हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी ऐसी ही स्थिति थी, जब कुछ देशों ने तनाव पर सिर्फ चिंता जताई, लेकिन समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया।

<><><><><><><>

छत्तीसगढ़ के सुकमा ज़िले में आज 26 नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया, जिनमें से 13 पर पैंसठ लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के अनुसार, सात महिलाओं सहित इन नक्सलियों ने पूना मार्गेम पुनर्वास पहल के तहत वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि ये माओवादी, पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी बटालियन, दक्षिण बस्तर डिवीजन, माड़ डिवीजन और आंध्र ओडिशा सीमा डिवीजन में सक्रिय थे और छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़, सुकमा और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में हिंसा की कई घटनाओं में शामिल थे। आत्म समर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को 50–50 हजार रुपये की सहायता दी गई और सरकार की नीति के अनुसार उनका आगे पुनर्वास किया जाएगा।

<><><><><><><>

वस्त्र मंत्रालय द्वारा असम सरकार के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों का सम्मेलन 2026 कल से असम के गुवाहाटी में आरंभ होगा। दो दिवसीय सम्मेलन की थीम "भारत का वस्त्र उद्योग : विकास, विरासत और नवाचार का संगम" है। इसमें देश भर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वस्त्र मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य वस्त्र क्षेत्र में नीति, निवेश, स्थिरता, निर्यात, अवसंरचना विकास और प्रौद्योगिकीय उन्नति पर विचार–विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह सम्मेलन भारत को 2030 तक वैश्विक वस्त्र विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने के सरकार के विजन के साथ संयोजित है। कल उद्घाटन सत्र में केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा, वस्त्र राज्य मंत्री श्री पबित्रा मार्गेरिटा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भाजपा के लिए आज का दिन बेहद खास रहा। आज भाजपा कार्यालय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी की उपस्थिति में डेयरी फार्म सहित अन्य क्षेत्रों की सत्तर से अधिक महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर महिलाओं ने अंडमान–निकोबार में भाजपा को सशक्त बनाने तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मजबूत करने का संकल्प लिया। सदस्यता अभियान की पहल भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महासचिव अनीता देवी द्वारा की गई। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शेर सिंह, आर. विमोद एवं वेंकट रमण, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष चैतालि रॉय, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बेबी मैथ्यू तथा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश सचिव सबीना मुश्ताक सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में कृषि विभाग की अध्यक्षता में स्पाइस प्रवाह पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलास्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दक्षिण अंडमान के उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने की। स्पाइस प्रवाह, पांच वर्षीय 2025–2030 कार्यक्रम के तहत दो हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मसाला फसलों के समग्र विकास पर केंद्रित है। यह पहल काली मिर्च, दालचीनी, जायफल, तेजपत्ता और लौंग जैसी मसालों की खेती को बढ़ावा देकर द्वीपों के किसानों के लिए मसाला अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसमें क्षेत्र विस्तार, क्लस्टर विकास और मूल्य संवर्धन पर जोर दिया गया है। पौध प्रदर्शन की निगरानी के लिए ज़ोनल स्तर की टीमों का गठन किया गया है, जो पौधों के स्वास्थ्य और सर्वाइवल पर सर्वेक्षण करेंगी। किसानों को मल्चिंग और शेडिंग जैसी रोकथाम तकनीकों में प्रशिक्षण देकर बेहतर वृद्धि और टिकाऊ खेती सुनिश्चित की जाएगी। वर्ष 2026–27 में दक्षिण अंडमान में 118 हेक्टेयर और लिटिल अंडमान में 101 हेक्टेयर क्षेत्र को मसाला खेती में लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए मुख्यभूमि से पौध सामग्री की आपूर्ति और द्वीपों के विभागीय फार्मों पर मसाला पौध उत्पादन की व्यवस्था की गई है। किसान स्पाइस प्रवाह के संबंध में मार्गदर्शन और तकनीकी सलाह के लिए किसान कॉल सेंटर 03192–243434 या टोल–फ्री 1800–345–1145 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह चिकित्सा विज्ञान संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए MD/MS पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग का तीसरा दौर 11 जनवरी को होगा। काउंसलिंग के तीसरे दौर के लिए योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों से शेष रिक्त सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राज्य कोटा के अंतर्गत कुल चार रिक्त सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें एनाटॉमी, बायोकेमिस्ट्री, कीटाणु विज्ञान, नेत्र विज्ञान, जनरल सर्जरी तथा एनेस्थिसियोलॉजी विषय शामिल हैं। काउंसलिंग सुबह 9 बजे प्रशासनिक ब्लॉक, ANIIMS न्यू कैंपस, कॉर्बिन्स कोव में आयोजित की जाएगी। विस्तृत जानकारी के लिए आवेदन प्रक्रिया ANIIMS की आधिकारिक वेबसाइट andssw1.and.nic.in/aniims पर उपलब्ध है। आवेदन गूगल लिंक के माध्यम से भी किया जा सकता है।

<><><><><><><>